>

Title: Need to construct a flyover on NH-2 in Agra city in Uttar Pradesh.

**प्रो. रामशंकर:** सभापति महोदय, आगरा में नेशनल हाईवे शहर के बीचों बीच निकलता है। हर वर्ष शहर में सैकड़ों की संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं। हाईवे पर छह लेन के लिए काफी समय से योजना तैयार हो गई है और रिलायंस कम्पनी को उसका ठेका भी मिल चुका है। शहर के अंदर तीन-चार फ्लाई ओवर स्वीकृत भी हो चुके हैं, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय में काफी समय से एनओसी के लिए फाइल गई हुई है, लेकिन वहां से अभी तक एनओसी न मिलने के कारण वह काम रुका हुआ है। इसके कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शहर की आबादी भी बढ़ती जा रही है और शहर के बीच से हाईवे निकलने के कारण जनता को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी से भी मिल चुका हूं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि नेशनल हाईवे-2, जो शहर के बीच में से निकलता है, उसे छह लेन करने का काम शीघ्र किया जाए और शहर के अंदर जो फ्लाई ओवर का काम किया जाना है, वह भी किया जाए। इसके साथ-साथ रिंग रोड का काम भी शीघ्र सरकार करे।